राजस्थान पत्रिका

पत्रिका सिटी कम्युनिटी कलकत्ता 04

मीनू बुधिया 'आर्किटेक्ट ऑफ चेंज' पुरस्कार से सम्मानित

अतिथियों से सम्मान ग्रहण करती मीनू बुधिया।

कोलकाता@ पत्रिका. पब्लिक रिलेशन सोसाइटी ऑफ इंडिया की ओर से कोलकाता में पूर्वी भारत के सबसे बड़े ब्रांड सम्मेलन "ब्रांडएज 2022 " का आयोजन किया गया। ब्रांडिंग के भविष्य, रचनात्मक कम्यूनिकेशन तथा अन्य विषयों पर चर्चा सत्र का आयोजन किया गया। इसके समापन सत्र के दौरान केयरिंग माइंड्स, आइकेनफ्लाई और कैफे आईकिनफ्लाई की संस्थापक-निदेशक साइकोथेरपिस्ट मीनू बुधिया को "आर्किटेक्ट ऑफ चेंज" के सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके बेहतर भविष्य के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान के लिए दिया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि मेलिंडा पावेक (कांसुल जनरल, यूएस कांसुलेट जनरल, कोलकाता) और डॉ धृति बनर्जी (निदेशक, भारतीय प्राणी सर्वेक्षण) उपस्थित थे।

अवार्ड ग्रहण करते हुए बुधिया ने कहा कि परिवर्तन की वास्तुकार के तौर पर पुरस्कृत किए जाने पर मैं सम्मानित और विनम्रता महसूस कर रही हूं। पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया को इस मान्यता के लिए धन्यवाद। मेरा सबसे बड़ा धन्यवाद मेरी छोटी बेटी प्राची के लिए है। उसने ही मुझे प्रेरित किया कि मैं न केवल परिवर्तन ही लाऊं बल्कि परिवर्तित भी हो जाऊं।

उज्जवल, खुशहाल और सबको एकसाथ लेकर चलने वाले कल की राह में सबसे बड़ी चुनौती है सामाजिक रुकावट।

उन्होंने कहा कि केयरिंग माइंड्स और आईकिनफ्लाई के जरिये मेरा फोकस इस सामाजिक रुकावट को समाप्त करने और समूचे सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य तथा भौगोलिक बाधाओं में गुणवत्तापूर्ण, सहज उपलब्ध समाधान मुहैया करना है। मैं मेरी टीम को धन्यवाद देना चाहती हूं जो असंभव को रोज संभव बनाते हैं।